नैक द्वारा मूल्यांकित

# लाला किशन चन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

गंगोह (सहारनपुर) 247341 उ० प्र०

E-mail : lkgdcgangoh@gmail.com Website : www.lkcdegreecollegegangoh.com

पत्रांक 461 / 2019-20 दिनांक 20/2/20

सेवा में,

उप निदेशक (रूसा)
राज्य परियोजना निदेशालय
उ० प्र०

विषय- मातृ भाषा दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय

उपर्युक्त विषयक आपके कार्यालय पत्रांक 1584/SPD/RUSHA/377/19 दिनांक 14-2-2020 के अनुपालन में आज दिनांक 20-2-2020 को लाला किशन चन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गंगोह (सहारनपुर) में मातृ भाषा दिवस का आयोजन किया गया मातृ भाषा दिवस के आयोजन में विभिन्न गतिविधियों की गयी इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने शीर्षक मातृ भाषा दिवस पर मातृ भाषा को समर्पण पर निबन्ध प्रतियोगिता समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। सपना कौरी समूह परिचर्चा में विजेता रही। इस अवसर पर श्री सचिन गौतम, लाइब्रेरी प्रभारी द्वारा मातृ भाषा में प्रकाशित किताबो के विषय में जानकारी दी गयी मातृ भाषा में प्रकाशित पुस्तकों को लगातार पढने से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का सुधार किया जा सकता है। छात्र-छात्राओ को प्रेमचन्द के उपन्यास निर्मला, गोधुली इत्यादि के बारे में जानकारी दी गयी/ हिन्दी भाषा के श्रेष्ठ लेखको के संग्रह को छात्र/छात्राओं द्वारा अवलोकित किया गया/ मातृ भाषा दिवस के इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों डा० ऋतु वर्मा डा० किशन स्वरुप राणा ने अपने विचारो को व्यक्त किया। मातृ भाषा दिवस के इस अवसर पर डा० सुनील कुमार ने छात्र/छात्राओं को मातृ भूमि के सम्मान हेतु मातृ भाषा की आवश्यकता के बारे में बताया गया। छात्र/छात्राओं द्वारा एक लघु नाटिका की प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर समस्त आफिस स्टाफ उपस्थित रहा

समारोहक
डा० ऋतु वर्मा 20/2/20

Gautam 20/02/2020
for प्राचार्य